समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा नस्लवाद-विरोध सलाहकार परिषद (Alberta Anti-Racism Advisory Council) की संस्तुतियाँ

11 जून 2021

एल्बर्टा नस्लवाद-विरोध सलाहकार परिषद (Alberta Anti-Racism Advisory Council) ने प्रांत में नस्लवाद को संबोधित करने के लिए अपनी संस्तुतियाँ जारी की हैं।

एल्बर्टा सरकार को प्रस्तुत की गई संस्तुतियाँ चार प्राथमिकता क्षेत्रों की उप-समितियों के अनुसंधान पर आधारित हैं: एल्बर्टा को प्रतिबिंबित करने वाली सरकार; अपराधों और घृणाजनित घटनाओं की रोकथाम करना और इनका प्रत्युत्तर देना; एक-दूसरे के प्रति सम्मान सिखाना; तथा कार्यस्थल में कुशलताओं और अनुभवों को महत्व देना।

एल्बर्टा सरकार ने अनेकानेक नस्लवाद विरोधी पहलों पर कार्य करना आरंभ किया है, जिनमें शामिल हैं: घृणाजनित अपराध संपर्क (hate crime liaison) और घृणाजनित अपराध समन्वय इकाई (Hate Crimes Coordination Unit) की स्थापना; *पुलिस अधिनियम (The Police Act)* के तहत प्रथम राष्ट्रों के लिए पुलिस व्यवस्था को औपचारिक रूप से मान्यता देना एवं कार्डिंग प्रथा पर प्रतिबंध लगाना; एल्बर्टा सुरक्षा अवसंरचना कार्यक्रम (Alberta Security Infrastructure Program) आरंभ करना; *निष्पक्ष पंजीकरण प्रथाएँ अधिनियम (Fair Registrations Practices Act)* बनाना और नए आए एल्बर्टावासियों को अपनी उपाधियों के लिए मान्यता प्राप्त करने में सहायता देने के लिए नवागंतुक निष्पक्षता कार्यालय (Fairness for Newcomers Office) निर्मित करना; और सरकार के लिए एक समावेशी संचार नीति विकसित करना। इन संस्तुतियों से नस्लवाद-विरोधी पहलों पर सरकार के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन में सहायता मिलेगी।

संबंधित जानकारी

- एल्बर्टा नस्लवाद-विरोध सलाहकार परिषद (Alberta Anti-Racism Advisory Council) की संस्तुतियाँ (PDF)

अतिसंवेदनशील एल्बर्टावासियों का घृणाप्रेरित अपराधों से संरक्षण

11 जून 2021

नए एल्बर्टा सुरक्षा अवरचना कार्यक्रम (Alberta Security Infrastructure Program) तथा सुरक्षा उन्नयनों के निधीकरण के माध्यम से घृणाप्रेरित अपराधों के लक्ष्यों का संरक्षण करने में सहायता मिलेगी।

इस शरद से आरंभ करके घृणाप्रेरित हिंसा या जान-माल के नुकसान के लक्षित खतरे वाले धार्मिक और प्रजातीय संगठन तथा स्वदेशी समूह सुरक्षा और प्रौद्योगिकी में सुधारों के लिए अनुदान हेतु आवेदन करने में सक्षम होंगे।

सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों समेत सुविधा अवरचनाओं के उन्नयन के लिए निधीकरण से व्यक्ति-विशेषों और संपत्ति, दोनों को जान-माल के नुकसान और अन्य आपराधिक कृत्यों से सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी। यह कार्यक्रम पर्याप्त रूप से अनुकूलनशील और सुलभ होगा, ताकि सुरक्षा योजना, शिक्षा और प्रशिक्षण जैसे अनेकानेक सुरक्षात्मक उपायों को संबोधित किया जा सके।

अनुदान के आवेदनों के लिए प्रारंभिक आह्वान इस शरद में किया जाएगा। कुल $500,000 की धनराशि उपलब्ध होगी, जिसमें आवेदक प्रशिक्षण और सुरक्षा आकलनों में सहायता के लिए अधिकतम $10,000 तथा सुरक्षा अवरचना के उद्देश्य से अधिकतम $90,000 तक की धनराशि के लिए पात्र होंगे। कार्यक्रम पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के बारे में और अधिक जानकारी आने वाले महीनों में उपलब्ध होगी।

घृणाप्रेरित अपराधों के विरुद्ध खड़ा होना

10 जून 2021

एल्बर्टा सरकार नए कानून प्रवर्तन संसाधनों तथा प्रभावित समुदायों के साथ काम करने के लिए एक नए दृष्टिकोण को अपनाकर घृणाप्रेरित अपराधों और नस्लवाद को लक्षित कर रही है, ताकि नस्लवाद से प्रभावित पृष्ठभूमियों के एल्बर्टावासियों का संरक्षण व उनकी आवाज सुनी जाना सुनिश्चित किया जा सके।

घृणाप्रेरित अपराधों के लिए एक नया सामुदायिक संपर्क घृणा से प्रेरित अपराधों द्वारा लक्षित किए जाने वाले प्रजातीय और धार्मिक समूहों तथा यौनरूपीय अल्पसंख्यक समुदायों के साथ सीधे संपर्क करेगा। यह संपर्क इन समूहों के साथ काम करते हुए सरकार को इस बारे में दृष्टिकोण और विशेषज्ञता प्रदान करेगा कि हम संपूर्ण प्रांत में घृणाप्रेरित अपराधों और घटनाओं का सामना कैसे कर सकते हैं।

एल्बर्टा में एक प्रांतव्यापी घृणाप्रेरित अपराध समन्वय इकाई (Hate Crimes Coordination Unit) की स्थापना भी की जाएगी। यह इकाई कानून प्रवर्तन के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि पूरे प्रांत-भर में घृणाप्रेरित अपराध के शमन करने के प्रयासों को बेहतर बनाया जा सके और इनके बीच सामंजस्य विकसित किया जा सके, तथा प्रशिक्षण के अवसरों, गुप्त जानकारी जुटाने और खोजी समर्थनों को सुविधाकृत किया जा सके। इसमें घृणाप्रेरित अपराधों के आरोपी व्यक्तियों पर सफलतापूर्वक अभियोग करने के दृष्टिकोण को सशक्त करना भी शामिल है।

नया संपर्क पद और समन्वय इकाई, दोनों विकास के शुरुआती चरण में हैं। आने वाले सप्ताहों में और अधिक जानकारी साझा की जाएगी।

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए, कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।